लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4794
22 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

आर.आई.एन.एल. के साथ एम.ओ.यू.

4794. श्री सी. गोपालकृष्णन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने वर्ष 2014-15 के लिए वार्षिक लक्ष्य निर्धारित करने के लिए राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है और ऐसे एम.ओ.यू. के अभाव में उक्त पी.एस.यू के कार्य-निष्पादन का सरकार किस प्रकार मूल्यांकन कर रही है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क): जी, हां। इस्पात मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 के लिए राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

(ख): इस्पात मंत्रालय और आरआईएनएल के बीच किए गए समझौता ज्ञापन में वित्तीय, गैर-वित्तीय और क्षेत्र विशिष्ट पैरामीटर से संबंधित लक्ष्य निहित हैं। गैर-वित्तीय पैरामीटरों में परियोजना क्रियान्वयन के लक्ष्य, विकास हेतु पहल, उत्पादकता एवं आंतरिक प्रक्रियागत पैरामीटर, एचआरएम पैरामीटर, सीएसआर एवं सतत विकास, आर एण्ड डी इत्यादि शामिल हैं।

(ग): उपरोक्त (क) और (ख) के उत्तर के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

*****